दिनांक 12.04.2022

शासी निकाय की बैठक में निम्न बिंदुओं पर विचार विमर्श हुआ।

1. स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में Online/Blended Mode में शासन निर्देशानुसार परीक्षाएँ आयोजित की गयी थी। उक्त परीक्षाओं के आयोजन की सर्वसम्मत सहमति प्राप्त की गयी।
2. स्नातक स्तर की सभी परीक्षाएँ शासन के आदेश क्र. 3–33/2020/38–1 दि. 28.03.22 एवं हेमचंद यादव वि.वि. की अधिसूचना क्र. 1406/परीक्षा/वार्षिक/2022, दि. 31.03.2022 को ध्यान में रखते हुए शासी निकाय द्वारा निर्णय लिया गया कि शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देशों के अनुरूप ही महाविद्यालय की स्नातक स्वशासी परीक्षाएँ दि. 19.04.2022 से प्रारंभ की जाएँ। परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएँ विश्वविद्यालय के अनुसार ही परीक्षा पूर्व परीक्षार्थियों को प्रदान की जाएँ किंतु उत्तरपुस्तिका का संग्रहण परीक्षा समय सारिणी के अनुसार किये जाने का निर्णय लिया गया।
3. विश्वविद्यालय के निर्णय के अनुसार ही परीक्षा में पुर्नमूंल्याकन एवं पुनर्गणना का प्रावधान नहीं होगा।
4. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाएँ अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह एवं मई माह के प्रथम सप्ताह में ऑफलाइन करने का निर्णय लिया गया।
5. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की सैद्धानिक परीक्षाएँ Online / Blended Mode में मई माह के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। इन परीक्षाओं में भी पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नही होगा।
6. परीक्षा आवेदन के संबंध में निर्णय लिया गया कि परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि के पश्चात हेमचंद यादव वि.वि. के नियमों के अनुसार विलंब शुल्क सहित आवेदन की पात्रता होगी।
7. स्वशासी परीक्षा भवन का निर्माण पूर्ण होने के पश्चात लोकार्पण करा कर स्वशासी प्रकोष्ठ को नये भवन में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया।
8. स्वशासी भवन के निर्माण व्यय की अंतिम किश्त लोक निर्माण विभाग को स्वशासी मद से प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

9. स्वशासी परीक्षा भवन के मीटिंग हॉल में 2 ए.सी. एवं कॉन्फरेंस हाल में 8 ए.सी. लगाने का निर्णय लिया गया। उक्त क्रय छ.ग. शासन के नियमानुसार क्रय करने का निर्णय लिया गया ।

10. स्वशासी परीक्षा भवन में नियंत्रक कक्ष एवं कम्प्यूटर कक्ष में श्री ए.सी. लगाने का निर्णय किया गया।

11. स्वशासी परीक्षा भवन के कॉन्फरेंस हॉल में 250 कुर्सियाँ एवं मीटिंग हॉल के लिये 50 कुर्सियाँ, इस प्रकार कुल 300 कुर्सियाँ शासन के नियमानुसार क्रय करने का निर्णय लिया गया।

12. Online / Blended Mode में होने वाली परीक्षाओं के दौरान, ऐसे परीक्षार्थी जो खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं, वे उत्तरपुस्तिका में उत्तर लिखकर उसकी पी.डी.एफ. फाइल बनाकर स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ के ईमेल एड्रेस पर उसे प्रेषित करेंगे।

CONTROLLER
AUTONOMOUS EXAMINATIONS
GOVT V.Y.T.P.G. AUTO.COLLEGE
DURG (C.G.)

GOVT. V.Y.T.P.G. AUTO COLLEGE DURG (C.G.)

Principal
Govt. V.Y.T.P.G. Autonomous
College, Durg (C.G.)